# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२३-२०२४**

**कक्षा:-पाँचवीं** **विषय -हिंदी** **पाठ:८ पिता का पत्र**

**कठिन शब्द**

**१-प्रिटोरिया जेल**

**२-ख्याल**

**३-पूर्णरूप**

**४-डिप्टी गवर्नर**

**५-साबूदाना**

**६-ज़िम्मेदारी**

**७-दृष्टिकोण**

**८-अक्षर ज्ञान**

**९-निर्वाह**

**१०-भविष्य**

**११-सुव्यवस्थित**

**१२-संग्रह**

**१३-मूल्यवान**

**१४-प्रमाणित**

**१५-नियमपूर्वक**

**१६-सूर्योदय**

**१७-सद्‌गुणों**

**१८-प्रतिमास**

**१९-सर्वथा**

**२०-औजारों**

**प्र०/उ०**

**प्र०१-गांधी जी के अनुसार संसार में कौन- सी तीन बातें महत्वपूर्ण हैं?**

**उ०-गांधी जी के अनुसार संसार में अपनी आत्मा का , अपने आपका और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण है।**

**प्र०२-गांधी जी अमीरी की तुलना में गरीबी को अधिक सुखद क्यों मानते हैं?**

**उ०-गांधी जी अमीरी की तुलना में गरीबी को अधिक सुखद इसलिए मानते हैं क्योंकि गरीब की इच्छाएँ सीमित होती हैं , उसे पता होता है कि उसके पास जितना है उसे उसी में ही अपनी इच्छाएँ पूरी करनी हैं।**

**प्र०३-बड़ी उम्र में कौन से विषय सीखना कठिन है?**

**उ०-बड़ी उम्र में गणित और संस्कृत विषय सीखना कठिन है।**

**प्र०४-गांधी जी के अनुसार प्रार्थना कब और कैसे करनी चाहिए?**

**उ०-गांधी जी के अनुसार हमें रोज सूर्योदय से पहले तथा शाम को नियम पूर्वक पूजा करनी चाहिए।**

**रिक्त स्थान**

**१-सच्ची शिक्षा तो चरित्र निर्माण और कर्तव्य का बोध है।**

**२-सभी औजारों को साफ और सुव्यवस्थित रखना।**

**३-भविष्य में संस्कृत तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी सिद्‌ध होगी।**

**४-काम की अधिकता से मनुष्य को घबराना नहीं चाहिए।**

**५-यह <u>नियमितता</u> तुम्हें अपने जीवन में आगे चलकर बहुत सहायक सिद्ध होगी।**

**वाक्य प्रयोग**

**१ सर्वथा (हर तरह से)**

**तुम्हारा सभी के साथ इस तरह का व्यवहार सर्वथा अनुचित है।**

**२-कर्तव्य (फ़र्ज़)**

**हमें मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।**

**३-दृष्टिकोण (नज़रिया)**

**हमें कठिनाई के समय में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।**

**४-सुव्यवस्थित (अच्छे ढंग से रखा हुआ)**

**मुझे अपने घर को सुव्यवस्थित रखना पसंद है।**